
# पीएसईबी साइंस पेपर में पंजाबी मीडियम के प्रश्न छापने भुला

## बोर्ड ने मानी तकनीकी गलती, 15 अंकों के प्रश्न मिस प्रिंट होने से छात्र प्रभावित

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की घोर लापरवाही सामने आई है। शुक्रवार को हुई आठवीं कक्षा की परीक्षा के साइंस विषय के पेपर में तीन प्रश्न पंजाबी में प्रकाशित कराना भूल गया। बोर्ड की इस गलती का खामियाजा पंजाबी मीडियम के विद्यार्थियों को झेलना पड़ा।

सुबह परीक्षा केंद्रों में जब आठवीं कक्षा का प्रश्न पत्र खोला गया तो उसमें पंजाबी में 27 प्रश्न प्रिंट थे, जबकि अंग्रेजी व हिंदी में 30-30 प्रश्न थे। मामला पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों तक पहुंचा तो उन्होंने वाट्सएप के जरिए सेंटर सुपिरंटेंडेंट को मैसेज जारी किया।




मैसेज में कहा गया कि परीक्षा में ड्यूटी दे रहे अध्यापकों को कहकर पंजाबी मीडियम के विद्यार्थियों को तीनों प्रश्न पंजाबी में लिखवाएं, ताकि बच्चे परीक्षा दे सकें। कुछ परीक्षा केंद्रों में मैसेज तो पहुंचे, लेकिन विद्यार्थियों को इस बारे में पता नहीं चला तो वो प्रश्न छोड़कर आ गए।

**तीनों भाषाओं में प्रिंट होता है पेपर**

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड आठवीं, दसवीं व बारहवीं के प्रशनपत्रों को पंजाबी, हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में प्रिंट करता है, ताकि तीनों मीडियम के विद्यार्थी इसे हल कर सकें। तीनों मीडियम के विद्यार्थी अपनी भाषा में प्रश्न पत्र पढ़ते हैं और उसे हल करते हैं।

**पंजाबी में 27, अंग्रेजी व हिंदी में 30-30 प्रश्न**

साइंस के प्रश्न पत्र में पंजाबी सेक्शन में 27 प्रश्न दिए गए। 27 वें प्रश्न के बाद कुछ जगह खाली छोड़ी गई है। वहीं हिंदी व अंग्रेजी सेक्शन में 30-30 प्रश्न प्रिंट किए गए हैं। कई परीक्षा केंद्रों में पंजाबी मीडियम के विद्यार्थी 27 प्रश्न हल करके आ गए।



**15 नंबर के प्रश्न मिस प्रिंट**

साइंस के प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 28 से 30 तक पांच पांच नंबर के प्रश्न आते हैं। हर प्रश्न में एक विकल्प दिया रहता है। पंजाबी के प्रश्न पत्र में कुल 15 अंक के प्रश्न मिस प्रिंट रहे। अब देखना होगा कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों को ग्रेस मार्क्स देता है या नहीं।

**पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मानी गलती**

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंजाबी में मिस प्रिंट होने की गलती मानी है। बोर्ड के सेंटर सुपरिंटेंडेंट को लिखे मैसेज में कहा है कि प्रश्न संख्या 28, 29 व 30 तकनीकी कारणों से प्रिंट नहीं हो सका। इसलिए सुपरवाइजरों को कहकर अंग्रेजी या हिंदी माध्यम से पंजाबी में ट्रांसलेट करवाकर प्रश्न बच्चों को लिखवाए जाएं।

# एमी विर्क और बिन्नू ढिल्लों ने PVR पर जताई नाराजगी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर और अभिनेता एमी विर्क और बिन्नू ढिल्लों ने मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर के खिलाफ नाराजगी जताई है। दोनों कलाकारों ने इंस्टाग्राम लाइव के जरिए आरोप लगाया कि पीवीआर पंजाबी फिल्मों को उतनी प्राथमिकता नहीं देता, जितनी बॉलीवुड और साउथ फिल्मों को दी जाती है। अभिनेताओं ने बताया कि उनकी नई फिल्म को पर्याप्त शो स्लॉट नहीं दिए गए और बार-बार अन्य फिल्मों का हवाला दिया गया। उन्होंने ऐलान किया कि उनकी फिल्म अब पीवीआर में रिलीज नहीं की जाएगी। दोनों ने आरोप लगाया कि पंजाबी भाषा और सिनेमा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे अब इस भेदभाव को और बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बैठक 23 फरवरी से शुरू



समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी टेक्स्ट को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक अमेरिका में 23 फरवरी से शुरू होगी, एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया।

इस महीने की शुरुआत में, भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर बताया था कि अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा तैयार हो गया है। यह बयान समझौते की रूपरेखा तय करता है, जिसे अब कानूनी समझौते में परिवर्तित किया जाएगा और दोनों पक्ष मार्च में इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

भारतीय टीम की अध्यक्षता मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन करेंगे। अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों पक्ष एक-दूसरे के व्यापारित वस्त्रों पर शुल्क में छूट देंगे। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह भारतीय वस्तुओं पर प्रतिशोधात्मक शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा और रूस से क्रूड तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क को पहले ही समाप्त कर चुका है।

# 8 नव-क्लर्कों को डॉ. बलजीत कौर ने सौंपे नियुक्ति पत्र



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सिविल सचिवालय में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज विभाग में पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित प्रक्रिया से नियुक्त किए गए 8 नव-क्लर्कों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मंत्री ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और तनदेही से निभाना चाहिए। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं से संबंधित है। इसलिए प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका अहम है और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समर्पण आवश्यक है। मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा सभी नियुक्तियां पारदर्शी और मेरिट आधारित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। डॉ. बलजीत कौर ने यह भी कहा कि कर्मचारी किसी भी विभाग की रीढ़ की हड्डी होते हैं और उनका समर्पण ही सरकारी योजनाओं को सफल बनाता है। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अमरजीत सिंह भुल्लर भी उपस्थित रहे।

# श्री शिरडी साईं धाम से निकली पालकी यात्रा

## भगतों के लिए लगाए गए फल फ्रूट, जल पान के लंगर

जगदीश | नवांशहर
समर न्यूज़

नवांशहर की घास मंडी में स्थित श्री शिरडी साईं धाम मंदिर ( छोटी शिरडी) में 10 वीं वार्षिक मूर्ति स्थापना दिवस के मौके पर विशाल श्री साईं पालकी यात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के साथ निकाली गई।

पालकी यात्रा में भक्तजनों ने साईं बाबा की स्तुति गाई।मंदिर के पुजारी आचार्य पं. रवि दीक्षित, आचार्य पं. योगेंद्र मिश्रा पूजा अर्चना करके शोभा पत्र को रवाना किया। शोभा यात्रा घास मंडी से आर्य समाज, राज्य मोहल्ला, कोठी रोड, गीता भवन रोड, बाल्मीकि मोहल्ला, रविदास मोहल्ला, चंडीगढ़ रोड, घास मंदिर में संपन्न हुई। आर्य समाज रोड, कोठी रोड, गीता भवन रोड, रेलवे रोड, चंडीगढ़ रोड पर पालकी यात्रा में शामिल भगतों के लिये लगाए गए फल फ्रूट, जल पान के लंगर लगा कर पालकी यात्रा का स्वागत किया। पालकी पत्र के आयोजन केशव चन्द्र




सरीन विद्यावती सरीन, ऐजूकेशनल एंड रिलिजीएस ट्रस्ट नवांशहर,साई महिला सकीर्तन मण्डल छोटी शिरड़ी, समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं एवं समस्त साई भगत जन ने सहयोग दिया। इस मौके पर संत सीता राम दास, परवीन कुमार सरीन, बहादर चंद अरोड़ा, राजेश भंडारी, डा. सिमरन सैनी, दिनेश सेंगर, ओम प्रकाश, केके सरीन, भगत सोढ़ी राम, विनय कृपाल, सोनिया जगोता, सुनीता सरीन आशु, इंदरपाल रल्हन मौजूद रहे। इसके अलावा नवांशहर के हलका इंचार्ज ललित मोहन पाठक बल्लू प्रधान, बलविंदर नंबरदार, निर्मल सिंह डीएसपी राज कुमार एसएचओ थाना सिटी अवतार सिंह, एसआई राज कुमार, गगन अग्निहोत्री चेयरमैन मार्किट कमेटी, राजदीप शर्मा, अंगद सिंह, पार्षद परवीन भाटिया, पूनम माणिक,अश्वनी, परमिंदर बत्रा, अंकुश निझवान, हरविंदर सिंह मौजूद रहे।

# दिल्ली में तेज रफ्तार कार ने छह साल की बच्ची को कुचला

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के जनकपुरी इलाके में 17 फरवरी की सुबह करीब 7.40 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें छह साल की बच्ची की मौत हो गई और उसकी नानी मर्सी जेवियर गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, नानी अपनी नातिन को ई-रिक्शा से स्कूल छोड़ने जा रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार कार ने रिक्शे को टक्कर मार दी।

हादसे के समय जेवियर ने बताया कि टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गईं और होश आने पर देखा कि उनकी नातिन उनके पास पड़ी थी। उनके हाथ खून से भीगे हुए थे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से मदद मांगी, लेकिन कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार की मां ने बताया कि अस्पताल में एक कर्मचारी ने उन्हें बताया कि उनकी मां सड़क पर रो रही हैं और बच्ची सांस नहीं ले पा रही थी। इलाज के दौरान बच्ची की



मौत हो गई। परिवार ने इस हादसे को लापरवाह ड्राइविंग का परिणाम बताते हुए सड़क सुरक्षा पर कड़ा नियंत्रण लगाने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज को भी निकालकर मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार ने कहा कि एक सेकेंड की लापरवाही किसी की भी जान ले सकती है, इसलिए ऐसे मामलों में कड़ा एक्शन लिया जाना चाहिए। हादसा ने स्थानीय लोगों और परिवार को सदमा पहुंचाया है और सड़क सुरक्षा तथा तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत पर नई बहस छेड़ दी है।

# बीएससी नर्सिंग की छात्रा ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

समर न्यूज़ | तरनतारन

तरनतारन जिले के श्री गोइंदवाल साहिब स्थित बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के रीजनल सेंटर में बीएससी नर्सिंग की 21 वर्षीय छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान लुधियाना जिले के धूरकोट गांव निवासी खुशप्रीत कौर के रूप में हुई है, जो तीसरे सेमेस्टर की छात्रा थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन के कुछ सदस्यों द्वारा कथित उत्पीड़न के कारण उसने यह कदम उठाया। पिता अमरीक सिंह और मां बलजीत कौर के अनुसार, खुशप्रीत ने प्रिंसिपल को शिकायत भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने मोबाइल चैट के जरिए परिवार को अपनी परेशानी बताई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। डीएसपी अतुल सोनी ने बताया कि बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव मोहन भागवत थे सवार



एजेंसी | हरदोई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत जिस वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ पहुंचे, उस पर हरदोई के कौढ़ा गांव के पास पथराव किया गया। घटना करीब 3.20 बजे हुई, जिसमें ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया। संघ प्रमुख सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद ट्रेन स्टाफ ने कंट्रोल रूम को सूचना दी और कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। जीआरपी और आरपीएफ ने निरीक्षण किया और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। जीआरपी मान रही है कि कुछ बच्चे शरारत में पत्थर फेंक सकते हैं, जबकि ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ। मोहन भागवत रात 9 बजे मेरठ स्टेशन पर उतरे और शताब्दीनगर के माधवकुंज में ठहरे। वह 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में 28 जिलों के प्रबुद्धजनों और खिलाड़ियों से बातचीत करेंगे।

# होशियारपुर के व्यक्ति की विमान में मौत

समर न्यूज़ | बेंगलुरु

होशियारपुर के टांडा क्षेत्र के गांव मूनक खुर्द निवासी 66 वर्षीय परगण सिंह का दिल्ली से इटली के मिलान जा रही फ्लाइट में निधन हो गया। वह अपनी पत्नी के साथ पहली बार बेटे से मिलने विदेश जा रहे थे, जो पिछले 16–17 वर्षों से मिलान में रह रहा है। जानकारी के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद परगण सिंह को तेज पसीना आने लगा। उन्होंने पानी पिया, लेकिन अचानक सीट से नीचे गिर पड़े। विमान में मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक तौर पर हार्ट अटैक को मौत का कारण बताया गया। इटली में बेटा उनके स्वागत की तैयारी में फूल और केक लेकर एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहा था, लेकिन उसे पिता का पार्थिव शरीर मिला। बाद में शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार किया गया।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार



समर न्यूज़ | पटियाला

अपने आप को CBI और केंद्रीय गृह मंत्रालय का बड़ा अधिकारी बताकर लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पटियाला सदर पुलिस ने दो भाइयों और एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य साथियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, समाना के रहने वाले गुरसेवक सिंह, उनकी पत्नी अमनजोत कौर और गुरभेज सिंह को हुसियारपुर से गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी गुरसेवक सिंह कभी खुद को एंटी-नार्कोटिक्स सेल का चेयरमैन और कभी CBI का अधिकारी बताकर लोगों में भय और प्रभाव बनाए रखता था। आरोप है कि आरोपियों ने एक परिवार के दो युवाओं को केंद्रीय मंत्रालयों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लगभग 65 लाख रुपये ठग लिए। जब नियुक्ति पत्रों की जांच की गई, तो वे नकली पाए गए, जिसके बाद पीड़ित परिवार ने पटीाला पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। तीनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# 10 हजार का जुर्माना अधिकतम है, तय नहीं: गडकरी

## नितिन गडकरी ने सिरसा सांसद की चिंता पर स्पष्ट किया

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया है कि दोपहिया वाहनों के लिए प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना केवल कानूनी अधिकतम सीमा है, निश्चित राशि नहीं। यह टिप्पणी उन्होंने सिरसा सांसद कुमारी सेलजा की ओर से भेजी गई समीक्षा की मांग पर की।

गडकरी ने सेलजा के 29 अक्टूबर 2025 के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि वाहनों को उत्सर्जन मानकों के बिना चलाना मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 190(2) के तहत अपराध है। इसके लिए तीन महीने तक की जेल या



10,000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों दंड हो सकते हैं।

गडकरी ने स्पष्ट किया कि 10,000 रुपये केवल अधिकतम सीमा है। धारा 200 के तहत इस अपराध को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राशि का भुगतान करके सुलझाया (कंपाउंड) भी किया जा सकता है।

सिरसा सांसद ने तर्क दिया था कि 100-150 सीसी के दोपहिया वाहनों के लिए 10,000 रुपये का समान जुर्माना अत्यधिक है, विशेषकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के नागरिकों के लिए। उन्होंने सुझाव दिया था कि जुर्माना 500-1,000 रुपये तक सीमित किया जाए और इसके बजाय जागरूकता पर ध्यान दिया जाए।

सिरसा में यह मुद्दा तब गर्माया जब कई दोपहिया वाहन मालिकों, जिनमें एक स्थानीय लेखक भी शामिल थे, को 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस पर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया और सवाल उठाया कि ट्रक और स्कूटर पर समान जुर्माना कैसे लगाया जा सकता है।

# भारत ने 25,060 करोड़ के निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत की : मंत्री पीयूष गोयल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को एक महत्वाकांक्षी निर्यात बढ़ावा योजना का अनावरण किया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 25,060 करोड़ के निर्यात संवर्धन मिशन (EPM) का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य निर्यात को तेज करना और छोटे व्यवसायों के लिए वैश्विक व्यापार को अधिक सुलभ बनाना है।

यह मिशन, जो 2025–26 के केंद्रीय बजट में घोषित किया गया था, विभिन्न निर्यात सहायता योजनाओं को एक एकीकृत ढांचे में लाता है। छह वर्षों में फैलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल बनाना और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए व्यापार में रुकावट को कम करना है।




ग्लोबल व्यापार पर बढ़ते दबाव और नए समझौते के बदलते परिदृश्य के बीच, सरकार इस मिशन को बाहरी झटकों से सुरक्षा और नए बाजारों तक पहुंच का माध्यम मान रही है। मिशन मुख्य रूप से उन क्षेत्रों पर केंद्रित है जो अक्सर भारत की निर्यात सफलता से बाहर रह जाते हैं – MSMEs, श्रम-सघन उद्योग और पारंपरिक निर्यात केंद्रों से बाहर के जिले।

गोयल ने मिशन को व्यापक आर्थिक परिवर्तन के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया और कहा कि यह न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए तेजी और समावेशी विकास की दिशा में प्लेटफॉर्म तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और निवेश बढ़ेगा, चाहे वह डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग या अपनी भाषा मॉडल विकसित करने का क्षेत्र हो।

**मातृभाषा दिवस** — हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है मातृभाषा, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग: हरप्रीत संधू

# पंजाबी मातृभाषा को प्रोत्साहन देने के लिए साहित्यिक ब्रोशर जारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026, जो हर वर्ष 21 फरवरी को मनाया जाता है, की महत्ता को मान्यता देते हुए और मातृभाषा पंजाबी को और अधिक प्रफुल्लित करने के लिए पंजाब के मुख्य सूचना आयुक्त इंद्रपाल सिंह धन्ना द्वारा राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, डॉ. भूपिंदर सिंह बाथ, संदीप सिंह धालीवाल, पूजा गुप्ता तथा डी.के. तिवारी (आई.ए.एस.), अतिरिक्त मुख्य सचिव पंजाब सरकार की उपस्थिति में, आज यहां पंजाबी मातृभाषा को दर्शाता एक साहित्यिक ब्रोशर जारी किया गया।

यह साहित्यिक ब्रोशर राज्य सूचना आयुक्त, पंजाब हरप्रीत संधू द्वारा लिखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026 के थीम






''बहुभाषी शिक्षा पर युवाओं की आवाज'' को उजागर करते हुए समाज में मातृभाषा ''पंजाबी'' को मान्यता देने और उसकी शान बहाल करने की आवश्यकता पर जोर देता है। पंजाब सूचना आयोग मुख्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान पंजाब राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू ने बताया कि उन्होंने यह पिक्टोरियल (तस्वीरों सहित) ब्रोशर नेल्सन मंडेला द्वारा कही गई प्रसिद्ध उक्ति से प्रेरित होकर तैयार किया है, ''यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं जिसे वह समझता है, तो शब्द उसके दिमाग में जाते हैं, लेकिन यदि आप उससे उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वे उसके दिल तक पहुंचते हैं।'' ताकि मातृभाषा पंजाबी की शानदार विरासत को और अधिक प्रफुल्लित किया जा सके।

राज्य सूचना आयुक्त पंजाब ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस-2026 का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़कर मातृभाषा को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, सुशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी, पंजाब, डी.के. तिवारी ने हरप्रीत संधू द्वारा तैयार साहित्यिक ब्रोशर की प्रशंसा की और इसे पंजाबी भाषा के प्रचार के लिए सार्थक प्रयास बताया।

इस दौरान राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, डॉ. भूपिंदर सिंह बाथ, संदीप सिंह धालीवाल तथा पूजा गुप्ता ने भी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की महत्ता पर अपने विचार साझा किए, क्योंकि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान और विरासत की आत्मा है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और हमारे इतिहास तथा रीति-रिवाजों को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाती है। राज्य सूचना आयुक्तों ने कहा कि अपनी मातृभाषा को संभालकर और उत्साहित करके, हम न केवल अपनी विरासत का सम्मान करते हैं बल्कि मानवता की विविधता और एकता में भी योगदान डालते हैं।